हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार,17 दिसंबर 2023

15 शहीदों के परिजनों का किया सम्मान



16 नर्सों ने काले बिल्ले लगाकर किया विरोध प्रदर्शन



**खबर संक्षेप**

### जैन मांगलिक भवन में रक्तदान शिविर आज

**नारनौल।** नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप एवं रोटरी क्लब ऑफ नारनौल सिटी की ओर से संयुक्त रूप से 17 दिसम्बर को जैन मांगलिक भवन में रक्तदान शिविर लगेगा। इसमें दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के पूर्व अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह मुख्यातिथि होंगे। इस संबंध में ग्रुप संस्थापक मनीष गोगिया व रोटरी क्लब प्रधान नरेश गोगिया ने बताया कि शिविर की अध्यक्षता यूएसएसएल एकेडमी के चेयरमैन राकेश यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजकुमार यादव एडवोकेट, प्रवीण संघी, विपिन शर्मा, गिरीश खेड़ा, सुधीर कुमार, राघव चौधरी व नरेश पटीकरा मौजूद रहेंगे।

### सरस्वती स्कूल में रक्तदान शिविर आज

**महेंद्रगढ़।** गांव माजरा कलां स्थित सरस्वती शिक्षा निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राव लाल सिंह शिक्षा समिति की ओर से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप के चेयरमैन रोशनलाल यादव ने कहा कि किसी भी जरूरतमंद के लिए रक्तदान करना मानवता की सच्ची सेवा है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें।



### दसवां विराट श्री श्याम महायज्ञ 19 दिसंबर से

नारनौल। श्री श्याम महायज्ञ आयोजन समिति द्वारा दसवें विराट श्री श्याम महायज्ञ का आयोजन 19 से 23 दिसंबर तक निजामपुर रोड स्थित एमएएसडी स्कूल प्रांगण में किया जाएगा। इस अवसर पर महायज्ञ के प्रथम दिवस 19 दिसंबर को एक विशाल कलश एवं निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो कि श्री मोड़ावाला मंदिर रेवाड़ी रोड से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई एमएएसडी स्कूल प्रांगण में सम्पन्न होगी।

# तेल टैंकर में भरी थी 4224 बोतल शराब, चंडीगढ़ से गुजरात लेकर जाने का था प्लान

## पुलिस से बोले आरोपित, मालिक के कहने पर रहे थे गुजरात में शराब, सीआईए ने गुप्त सूचना पर 152 डी से टैंकर को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

गुजरात प्रदेश में शराब बंद है। फिर भी किसी ना किसी राज्य से वहां शराब पहुंचाई जा रही है। इस तरह के कई मामले नारनौल सीआईए पकड़ चुकी है। अब एक ओर मामला सामने आया है। चंडीगढ़ से तेल टैंकर में तेल की बजाय शराब की बोतलों को भरकर गुजरात में बेचने की तैयारी थी। गुप्तचरों से जब यह मामला पुलिस तक पहुंचा तो उसे हाईवे 152डी पर पकड़ा। जांच पड़ताल की तो टैंकर में अंग्रेजी शराब की 352 पेटयों में 4224 बोतले मिली। पकड़े गए दोनों आरोपितों ने पुलिस को बताया है कि यह शराब मालिक के कहने अनुसार चंडीगढ़ पंजाब से गुजरात लेकर जा रहे थे। फिलहाल कनीना पुलिस ने दोनों नामजद आरोपित देवाराम व जोगाराम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दोनो आरोपितों को कोर्ट मे पेश कर सात दिन का रिमांड मांगा जाएगा ताकि गिरोह मे शामिल अन्य लोगों को भी पकड़ा जा सके। एसआई अमरदीप ने शिकायत में बताया है कि वह सिपाही दीपक कुमार, प्रविंद्र, आकशदीप व चालक पवन कुमार के साथ गश्त पर हाईवे-152डी बुचावास कट पर मौजूद था।

### चंडीगढ़ से निकला था टैंकर

मुखबरी लगी कि राजस्थान के साचौर जिला में गांव हेमा गुढ़ा वासी देवाराम व जोगाराम तेल टैंकर नंबर जीजे12जेडए4917 में चंडीगढ़ पंजाब से अवैध शराब भरकर निकले है और नेशनल हाइवे 152डी होते हुए गुजरात लेकर जाएंगे। नाकाबंदी की जाए तो पकड़ा जा सकता है। हाइवे 152डी रेस्ट एरिया पेट्रोल पंप के पास नाकाबंदी की गई। दादरी की तरफ से एक टैंकर आता दिखाई दिया। जिसमें पुलिस पार्टी का नाका देखकर रेस्ट एरिया के हाइवे 152डी से सर्विस रोड पर अपना तेल टैंकर को मोड़ दिया।



### टैंकर के अंदर भरी थी शराब की पेटी

जिससे सीआईए टीम ने उसे काबू किया और पूछताछ की तो एक ने अपना नाम देवाराम वासी हेमा गुढ़ा राजस्थान बताया। तेल टैंकर को चैक किया तो उसके अंदर अवैध शराब अंग्रेजी की पेटियां भरी हुई थी। तेल टैंकर को सर्विस रोड से हटाकर एचपी पेट्रोल पंप पर खड़ा किया ताकि राहगीरों को असुविधा ना हो। तेल टैंकर के पीछे बने तीन खानों में शराब की पेटियां बरामद हुई। जिसको तेल टैंकर से निकालकर चैक किया तो मैकडोला, रॉयल स्टैग, रॉयल चैलेन्ज जैसी कंपनियों के नाम लिखे थे। कुल मिलाकर अंग्रेजी शराब की 352 पेटयों में 4224 बोतले मिली है। इस बारे में आरोपित देवाराम व जोगाराम ने पुलिस को बताया है कि यह शराब मालिक के कहने अनुसार चंडीगढ़ पंजाब से अवैध शराब भरकर गुजरात लेकर वहां बेचनी थी। इन दोनों आरोपितों ने शराब बारे लाइसेंस व परमिट मांगा गया तो वह पेश नहीं कर सके।

## चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क के रखरखाव का वार्षिक टेंडर अलॉट

# अब हुड्डा पार्क के आएंगे अच्छे दिन

अप्रैल माह से अटकी हुई थी टेंडर प्रक्रिया, 16 लाख का वार्षिक टेंडर, चेयरमैन ने ठेकेदार के साथ पार्क का दौरा कर कर्मचारियों को दिए उचित रखरखाव के आदेश, विदेशी घास एवं पेड़ पौधों के साथ 10 एकड़ में विकसित किया गया था शहर का हुडा पार्क



महेंद्रगढ़। पार्क में घास की कटाई करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका द्वारा शहर के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क के रखरखाव के लिए 16 लाख रुपये का वार्षिक टेंडर अलॉट हो गया है। अब पार्क आने वाले समय में बदला-बदला नजर आएगा। अप्रैल माह से टेंडर प्रक्रिया अटकी हुई थी। जिसके चलते पार्क में देखरेख का अभाव हो गया था। शनिवार को नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी द्वारा संबंधित ठेकेदार अमरजीत को साथ लेकर पार्क का दौरा कर कर्मचारियों को पार्क की साफ-सफाई, सूखी घास कटाई, पेड़-पौधे एवं फव्वारे के रखरखाव के उचित दिशा-निर्देश दिए।

### 11 साल पहले बना था शहर के एकमात्र पार्क

शहर का एकमात्र चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क 11 साल पूर्व बनाया गया था। इस पार्क का उद्घाटन तत्कालीन सीएम चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 20 मई 2012 को किया था। पार्क को दस एकड़ भूमि में विदेशी घास एवं पौधों के साथ विकसित किया गया था। पार्क में बच्चों के लिए झूले भी लगाए गए थे। लेकिन मार्च माह में पार्क के रखरखाव का टेंडर समाप्त हो गया था। टेंडर समाप्त होने के बाद पार्क की हालात खस्ता हो गई थी। पार्क में बच्चों के अधिकतर झूले टूट गए थे। इसके अलावा देखरेख के अभाव में पार्क में घास ने झाड़ियों का रूप ले लिया था। इसके अलावा जगह-जगह कूडे. के ढेर नजर आने लगे थे। इसके अतिरिक्त पार्क में लगाई गई अधिकतर स्ट्रीट लाइट खराब हो गई थी। जिससे पार्क में सुबह-शाम घूमने आने वाले लगभग एक हजार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

पार्क की बिगड़ती हालात को देखकर शहर के लोगों का कहना था कि नगर पालिका का यह पार्क शहर के सबसे अच्छा पार्क है। लेकिन देख-रेख का अभाव बना हुआ है। इसके कारण यहां झूले टूट जाने के बच्चों को पार्क आना अच्छा नहीं लगता। इस स्थिति के कारण इनकी हालत दिन प्रतिदिन खराब होती चली जाती है। बच्चे इन झूलों से चोटिल हो रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि एक बार कोई भी झूला यदि टूट जाता है, तब इसकी तरफ लंबे समय तक ध्यान नहीं दिया जाता है। बच्चे फिर भी जिंद में इस पर खेलने का प्रयास करते हैं, ऐसे में इन पर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है।

### कई वर्षों से नहीं चल रहा पार्क का फव्वारा

रणबीर सिंह हुड्डा पार्क की सुंदरता को बढ़ाने के लिए एक बड़ा फव्वारा सेट लगाया गया है। पार्क बनने के बाद यह फव्वारा सेट बहुत कम चला है। काफी सालों से फव्वारा एवं उसकी मोटर खराब पड़ी है। पार्क के गेट के पास छोटा फव्वारा लगा हुआ है वह भी खराब पड़ा है। इसके अतिरिक्त पार्क में कई जगह बिजली के नंगे तार है, जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पार्क में सुविधाएं मुहैया करवाई जाए।

### टेंडर अलाट होने पर पार्क में पहुंचे चेयरमैन

नपा चेयरमैन ने किया पार्क का दौरा पार्क का टेंडर अलॉट होने के बाद नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने संबंधित ठेकेदार अमरजीत को साथ लेकर पार्क का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को पार्क की साफ-सफाई, सूखी घास कटाई, पेड़-पौधे एवं फव्वारे के रखरखाव के उचित दिशा-निर्देश दिए। पार्क के सुधारीकरण के लिए इसका मुख्य द्वार, अंदर घूमने-फिरने के लिए बनाए गए टूटे हुए ट्रैक को ठीक करने, टूटे हुए झूलों की मरम्मत, पार्क की चार दीवारी, बंद पड़े फव्वारे, नई लाईटें, आधुनिक पेड़-पौधे लगाने आदि के लिए नगर पालिका हाउस द्वारा प्रस्ताव करके टेंडर की बात कही। उन्होंने बताया कि शहर वासियों को जल्द ही चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क एक नए लुक में नजर आएगा।



नारनौल। वाहनों के दस्तावेज चेक करती सीएम फ्लाइंग एवं आरटीए की टीम।

## फ्लाइंग ने 10 ओवरलोड वाहन किए इंपाउंड, 2.63 लाख रुपये जुर्माना

- सड़कों को नुकसान के साथ सरकार को राजस्व का भी हानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ओवरलोड वाहन खासकर ट्रक, ट्राला व डंपर चालक बार-बार सख्ती के बावजूद ओवरलोड से होने वाली कमाई से मोह नहीं त्याग पा रहे। जिससे बार-बार कार्रवाई के बावजूद ट्रकों एवं डंपरों आदि में ओवरलोड तक वजन भर लेते हैं, जिससे सड़कों को न केवल नुकसान पहुंचता है, बल्कि सरकार को राजस्व के रूप में हानि भी होती है। ओवरलोड पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सीएम फ्लाइंग रेवाड़ी की टीम ने गांव बाछोद के पास ओवरलोड वाहनों की चेकिंग की और उन्हें इंपाउंड करते हुए उन पर करीब 2.63 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वीरवार सायंकाल को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी तथा आरटीए विभाग की संयुक्त टीमें छापेमारी अभियान पर निकली हुई थी। गांव बाछौद के पास इन्होंने छापेमार कार्रवाई शुरू की तथा वहां करीब दस ओवरलोड वाहनों को पकड़ा और उनका वजन कराया। वजन कराने पर नियमों के विरुद्ध इनका भार पाया गया, जिस पर इनको इंपाउंड कर 263000 रुपये का जुर्मा भी लगाया गया। सीएम फ्लाइंग में निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक सचिन कुमार, उप निरीक्षक कर्मचारी तथा आरटीए विभाग की तरफ से सहायक सचिव प्रदीप शर्मा व उनकी टीम शामिल थी।

### मकान से मोबाइल फोन, नकदी व आभूषण चोरी

**कनीना।** गांव करीरा में मकान से मोबाईल फोन, नकदी व आभूषण गायब करने के आरोप में पुलिस ने गांव के ही दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीआरपीएफ में कार्यरत शिवकुमार ने बताया कि गांव में धर्मशाला के पास मकान में 7वीं का छात्र उसका भांजा चेतन से महेश व तरुण ने हथियार दिखाकर डरा-धमका कर मकान की चाबी मंगवाकर ट्राली बैग से मोबाईल फोन, पांच हजार रुपये की नकदी तथा सोने-चांदी के आभूषण निकाल लिए।

## बस स्टैंड पर बच्चे के बैग से चोरी किए 11 हजार रुपये, केस दर्ज

- शादी में शामिल होकर ससुराल जा रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बस स्टैंड से एक बच्चे के बैग से अज्ञात चोर 11 हजार रुपये की नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। ज्योति शर्मा ने बताया कि वह गांव रामपुरा राजस्थान थाना मेहाड़ा जाडूवास जिला नीमकाथाना की रहने वाली है। गत एक दिसंबर को वह अपने भाई की शादी में शामिल होकर गांव सोहला से अपने ससुराल जा रही थी, जब वह महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से नारनौल की बस में चढ़ते समय उसके बच्चे के कंधों से पिठ्ठू बैग से पर्स निकाल लिया, जिसमें चांदी अंगूठी, 11 हजार रुपये व अन्य कागजात थे। जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड व एटीएम कार्ड पर्स में थे। उसने उसी समय पुलिस की डायल-112 गाड़ी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और उन्होंने कहा कि आप ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकती है। इसके बाद उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। फिर वह अपने घर चली गई। घर जाने के बाद वह बीमार हो गई, अब ठीक हुई तो थाने में आकर रिपोर्ट लिखवाई है। ज्योति शर्मा ने पुलिस से मांग की है कि बस स्टैंड के सीसीटीवी कैमरे से वीडियो निकालकर चोरों की तलाश की जाए तथा रुपये बरामद किए जाएं। पुलिस केस दर्ज कर चोरों की तलाश में लग गई है।

## रास्ता रोककर किया हमला, 25 पर केस

- बारात के लिए राजस्थान जाते समय गांव से आधा किलोमीटर दूर दिया घटना को अंजाम, कुछ दिन पहले हुई थी कहासुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर पांच नामजद सहित 20 अन्य युवकों के खिलाफ मारपीट, छीना-झपटी व गाड़ियों को क्षतिग्रस्त करने का मामला दर्ज किया है। गांव बिहाली निवासी कपिल ने बताया कि गत आठ दिसंबर को सुरेंद्र के लड़के कपिल उर्फ गोलू का लग्न आया था, जिसमें विजय सिंहपुरा राजस्थान के निवासी रोहित व उसके दोस्त हितेश, सचिन, हर्षित व अनुज आए थे, जिनका किसी बात पर आपस में झगड़ा हो गया।

इसी दिन चाचा विक्रम सिंह के लड़के दुष्यंत की शादी थी और हम बारात के लिए गावं बिहाली से गांव खोहर बसई राजस्थान के लिए जा रहे थे। साथ में गुलशन, पवन, दीपक, अजीत तथा दूसरी गाड़ी में कपिल देव, गजराज व कर्ण सिंह



जा रहे थे। जब हम गांव बिहाली से रेवाना रोड पर आधा किलोमीटर दूरी पर पहुंचे तो रोहित व उसके पांच-छह दोस्तों ने अपने हाथों में लाठी-डंडे, राड़, सरिया लिए हुए खड़े थे और बोलेरो गाड़ी को बीच रास्ते में खड़ी करके हमारा रास्ता रोक लिया।

इसी दौरान एक बुलेरो व एक कैम्पर गाड़ी, जिसमें करीब 20 लड़के लाठी, डण्डें व सरिया तथा राड़ सहित सवार होकर आए, जिनसे पूछा तो बताया कि वह बिहाली गांव के रहने वाले हैं। यह सुनते ही रोहित व उसके दोस्तों ने एकदम से हमारी गाड़ियों में लाठी, डण्डों, राड़ सरियों से तोड़फोड़ करने लगे और जिससे हमें भी काफी गंभीर चोटें आई। हमलावरों ने मोबाईल फोन, आईडी दस्तावेज तथा पांच हजार रुपये छीन लिए तथा गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हमले में गांव का निवासी गुलशन भी घायल हो गया था। परिजनों ने उपचार के लिए अटेली सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया था। अटेली पुलिस ने घायलों की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

## दौचाना गांव के राजपूत समाज ने मृत्युभोज पर रोक का लिया निर्णय

- परिवार के मुखिया की मौत पर पगड़ी प्रथा रहेगी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव दौचाना के राजपूत समाज के सभी मौजूद लोगों ने सर्वसहमति से निर्णय लिया है कि आज के बाद गांव दौचाना में मृत्यु भोज संबंधित कार्यक्रम नही होंगे। समाज में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर कई कई परिवार कर्ज लेकर अपनी इज्जत बचाने के लिए मृत्यु भोज का आयोजन करना पड़ता है और पूरा परिवार कर्ज के बोझ में दब जाता है। जब किसी जानवर का साथी बिछड़ता है तो वह उस दिन चारा नहीं खाता, संसार में श्रेष्ठ मानव आदमी की मृत्यु भोज पर हलवा पूरी खाकर शोक बनाने का ढोंग करता है। इस रूढ़िवादी परंपरा को बंद




करने में सभी ने अपनी सहमति जताई।

गांव दोचाना के आसपास राजपूतों के 7 गांव हैं। परिवार किसी मुखिया की मृत्यु होने पर पगड़ी प्रथा जारी रहेगी परंतु मृत्यु भोज पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। इस मौके पर पूर्व कप्तान रोहताश सिंह, रामसिंह मास्टर, मंगेजसिंह, पूर्व सरपंच पहलाद सिंह, पूर्व पंच अजीत, जगरूप सिंह, पूर्ण सिंह, वीरसिंह ठेकेदार, मंदरूप सिंह, कंवर सिंह राजपूत, भरतसिंह राजपूत, कृष्ण राजपूत, सतवीर, रामकुमार बागड़ी, लेखराज, हनुमान सिंह खटोटी वाला व प्यारे लाल मौजूद रहे।

### इंनवेटर-बैटरी चोरी के दो ओर आरोपित काबू

**महेंद्रगढ़।** सर्विस स्टेशन का ताला तोड़कर इंनवेटर-बैटरी चोरी करने के मामले में सीआईए टीम ने दो ओर आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान नांगल सिरोही निवासी भीम और अंकित के रूप में हुई है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में तीन आरोपित अजय, धर्मबीर व योगेश को पहले गिरफ्तार किया गया था। वासुदेव ने सर्विस स्टेशन से इंनवेटर-बैटरी चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने शिकायत में बताया कि गांव नांगल सिरोही में उसने नहर के पास सर्विस स्टेशन बना रखा है। उसने बताया कि रात के समय में गांव के ही छह लोगों ने ताला तोड़कर सर्विस स्टेशन के अंदर रखी टेबल तोड़ दी और दो बैटरी व एक इंनवेटर चोरी की शिकायत पुलिस से की थी।

## हलके में चार नई सड़कें बनाएगा मार्केटिंग बोर्ड



- विधायक डॉ. अभय सिंह यादव ने दी जानकारी।
- धौलेड़ा से बिहारीपुर, इस्लामपुरा से गांवड़ी जाट, तोताहेड़ी से कारोता व नारेड़ी से मौखुता तक बनेंगे सड़कें
- सरकार के पास तीन महीने पहले भेजा था प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा कृषि विपणन एवं मार्केटिंग बोर्ड ने नांगल चौधरी हल्के में चार नई सड़कें बनाने के लिए स्वीकृति दी है। नांगल चौधरी हलके के विधायक डॉ अभयसिंह यादव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि धोलेड़ा से बिहारीपुर, इस्लामपुरा से गांवड़ी जाट, तोताहेड़ी से कारोता एवं नारेड़ी से मौखुता इन चारों सड़कों को पक्का करने का प्रस्ताव लगभग तीन महीने पहले सरकार को भिजवाया था। अब सरकार ने उनकी स्वीकृति दे दी है तथा विभाग को इसके एस्टिमेट बनाकर भिजवाए जा रहे हैं जिनकी मंजूरी के बाद इसका टेंडर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नांगल चौधरी हलके में एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने वाली सौ से अधिक सड़कें अब तक भाजपा सरकार द्वारा बनाई जा चुकी हैं और ये सभी सड़कें संबंधित ग्राम पंचायतों की मांग पर बनवाई जा रही है। इन सड़कों को बनने से आवागमन में सुविधा होगी और लोगों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। विशेषकर धोलेड़ा से बिहारीपुर सड़क के निर्माण के बाद राजस्थान बॉर्डर से दूसरे राजस्थान बॉर्डर तक विभिन्न सड़कों द्वारा सीधा संपर्क हो जाएगा। मोखुता बामनवास सीधा ऊंटोली बॉर्डर से जुड़ जाएगा। एक तरह से यह राजस्थान के पूर्वी हिस्से को पश्चिमी हिस्से से जोड़ने का काम करेगा। विधायक ने मुख्यमंत्री हरियाणा का धन्यवाद करते हुए कहा है कि सरकार इस क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहती है।

## यदि वैन चालक सड़क क्रॉस करवा देता तो आज जिंदा होती मेरी बेटी

# ...तो बच जाती 6 वर्षीय छात्रा मोनिका की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

निजामपुर क्षेत्र के गांव नांगल दर्गु में दर्दनाक हादसा हुआ है। सड़क क्रॉस करते वक्त छह साल की बच्ची को डम्पर ने कुचल दिया। पिता के आरोपों की माने तो स्कूल से रोजाना एक वैन बच्ची को लेकर जाती और छोड़कर जाती। हादसे के दिन वैन चालक ने बच्ची को सड़क क्रॉस करवाने की बजाय वहीं छोड़ दिया। छह साल की बच्ची अकेली सड़क क्रॉस कर रही थी, तभी डम्पर की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद पीड़ित पिता की शिकायत पर निजामपुर पुलिस थाना ने डम्पर चालक व नामजद वैन चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 279,304ए के तहत केस तो दर्ज कर लिया लेकिन यह हादसा परिवार को गहरा सदमा देकर गया है। अब सवाल बड़ा यह खड़ा होता है कि इस हादसे को टाला जा सकता है अगर चालक बच्ची को सड़क क्रॉस करवा देता। ऐसे हादसे दोबारा ना हो, इसके लिए स्कूल संचालक व वाहन चालकों को भी गौर करना पड़ेगा।



### चालक ने लापरवाही से बेटी को बीच सड़क उतारा

गांव नांगल दर्गु वासी सतीश ने शिकायत में बताया है कि तीन बेटी है। सबसे छोटी बेटी मोनिका की उम्र छह वर्ष है। वह नांगल चौधरी के एक निजी स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ती है। रोजाना वैन गाड़ी में बैठकर जाती है। छुट्टी होने के बाद वैन चालक की ओर से बेटी को सड़क के बीच में उतारकर चला गया। बेटी सड़क को क्रॉस कर रही थी, उस वक्त एक ट्राला नंबर एचआर 63डी6072 आ गया और बेटी को टक्कर मार दी। इस टक्कर से बेटी की मौत होइग। ट्राला को साइड में खड़ा करके चालक फरार हो गया। वैन चालक ने लापरवाही से बेटी को सड़क के बीच में उतार दिया, जिसकी जिम्मेवारी बनती थी, वह सड़क को क्रॉस करवाएं परंतु उसने ऐसा नहीं किया। ट्राला चालक व वैन चालक वेदप्रकाश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

# अगले साल के लिए ऐसा बनाएं पोर्टफोलियो, रहेंगे फायदे में

इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मिलेगा हाई रिटर्न, राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही

- वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन
- शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा, सभी फंडों में दिख रहा उछाल, दे सकता है बढ़िया रिटर्न
- बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल से पार गया, निवेशकों ने करोड़ों कमाए
- निफ्टी भी 21150 के पार निकला और लाखों निवेशकों को दे गया अच्छा मुनाफा

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं और अगले साल अच्छा मुनाफा चाहते हैं जो कुछ बातें पल्ले गांठ बांध लें और निवेश के लिए तैयार हो जाएं। अपने पोर्टफोलियों को इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मजबूत बना लें और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए तैयार हो जाएं। इससे आपको हाई रिटर्न मिलेगा और आप आसानी से मालामाल हो जाएंगे। राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही हैं। जो निवेशकों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। तो आप भी निवेश के लिए तैयार हो जाएं और नए साल से पहले अपने पोर्टफोलियो को रीबैलेंस करने के बारे में विचार करें। वैसे भी शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है।

बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल को पार कर गया तो निफ्टी भी 21150 के पार निकल गया। साल 2023 में दोनों इंडेक्स में 16 से 17 फीसदी तेजी आई है। ऐसे में बाजार का वैल्युएशन एक चिंता वाली बात है। इसलिए नए साल के पहले अलग-अलग एसेट क्लास मसलन इक्विटी, डेट और गोल्ड में अपना पैसा बैलेंस तरीके अलोकेट करना चाहिए, ताकि पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाइड तरीके से मजबूत किया जा सके। साथ ही आने वाले दिनों में रिस्क कम करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। बाजार के जानकारों का कहना है कि इस साल आप सधी शुरूआत के साथ बाजार में उतरेंगे और अपनी रिस्क क्षमता के साथ सावधानीपूर्वक बाजार का मंथन कर निवेश करेंगे तो बेहद कम समय में ही मालामाल होकर अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित कर लेंगे। इस रिपोर्ट में हम आपको कुछ ऐसे ही ऐसेट्स बताएंगे जो आपको निवेश करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। हलांकि बाजार में उतार-चढ़ाव तो बना ही रहता है।

## अभी किस एसेट पर क्या व्यू

- इक्विटी: ओवरवेट - बेहतर मैक्रो के चलते बाजार में रहेगी तेजी
- डेट : न्यूट्रल
- गोल्ड : न्यूट्रल
- **इक्विटी:** रैली बनाए रखने पर बाजार की नजर

कई ब्रोकरेज हाउस के अनुसार फेवरेबल मैक्रोज के चलते बाजार की अभी एक और रैली पर नजर है। ओवरआल इक्विटी मार्केट के पक्ष में मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक में बदलाव के कारण नवंबर 2023 भारतीय इक्विटी मार्केट के लिए एक रिकवरी महीना साबित हुआ, जिसके चलते निफ्टी ने 1 दिसंबर, 2023 को 20,268 के आल टाइम हाई को टच कर लिया और निवेशकों को बेहतर मार्जन दिया। कई मैक्रोइकोनॉमिक पैरामीटर्स में सुधार से मसलन, अमेरिका में 10-साल की बॉन्ड यील्ड में कूल-ऑफ, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, हाई-फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स में सुधार, क्यू-2एफवाई-24 में मजबूत अर्निंग, और राज्य चुनावों में सत्ताधारी दल के बेहतर प्रदर्शन। सभी चीजें बाजार के अनुकूल दिखाई दे रही हैं। ऐसे में निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए। हालांकि थोड़े लंबे समय के लिए निवेश करना चाहिए।

## निफ्टी के लिए बड़ा टारगेट

कुछ ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन दिख रहा है। बहरहाल, ब्रॉडर इंडियन मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में,



'ग्रोथ ऐट ए रीजनेबल प्राइस' थीम अभी के माहौल में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2024 के लिए निफ्टी का टारगेट बढ़ाकर 23,000 कर दिया है। यह और निवेशकों को लुभाने वाली बात है।

## अर्थव्यवस्था में जारी रहेगी मजबूती

विधानसभा चुनावों में 4 प्रमुख राज्यों में से 3 में भाजपा के धमाकेदार प्रदर्शन के बाद यह मैक्रोइकोनॉमिक नैरेटिव और मजबूत हुआ है। 2024 के आम चुनावों में राजनीतिक निरंतरता की इस कहानी ने बाजार के आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है। इससे नीतिगत निरंतरता पर विजिबिलिटी भी बढ़ी है, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था को अपनी विकास गति को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, हमारा मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया है। जानकारों का कहना है कि अर्थव्यवस्था मजबूत रहेगी।

## कहां व कितना करें निवेश

| परिसंपत्ति | जोखिम | रूढ़िवादी | ग्रोथ | अग्रेसिव | |
|---|---|---|---|---|---|
| इक्विटी | 0% | 20% | 50% | 70% | 90% |
| सोना | 70% | 70% | 35% | 15% | 5% |
| ऋण | 30% | 10% | 15% | 15% | 5% |
| कुल | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% |

## सोना: 'गिरावट पर खरीदें'



गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है। इससे आपको अगले साल बेहतर रिटर्न मिल सकता है। स्वर्ण बाजार के जानकारों का मानना है कि अगने साल सोना 65 से 70 हजार प्रति दस ग्राम तक के स्तर को भी छू सकता है। गोल्ड में निवेशकों को अच्छा मार्जन मिलने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, कहा भी जाता है कि सोने में निवेश सबसे सुरक्षित है। हालांकि जानकार सोने को गिरावट के बाद ही खरीदने की सलाह दे रहे हैं।

## बॉन्ड मार्केट

ब्रोकरेज हाउस ने जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नोन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

## करंसी मार्केट को डायरेक्शन देने वाले इवेंट

1) एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2) विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3) तेल की कीमतें
4) कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5) महंगाई और विकास की गतिशीलता
6) फॉरेन फ्लो की दिशा



- निवेश में विविधता लाएं, निवेश बढ़ाते जाएं
- अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करें
- बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से करें निवेश
- अलग-अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करें
- अक्टूबर इक्विटी मार्केट के लिए सबसे अस्थिर महीना रहा

# डायवर्सिफिकेशन के सूत्र को अपनाएं

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं तो आपको अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करना चाहिए। न सिर्फ आकलन करना चाहिए, बल्कि बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से अलग अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करना चाहिए, ताकि आपके पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफिकेशन मिले और रिस्क को मैनेज करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। किस मार्केट साइकिल में आपको कितना पैसा कहां मसलन इक्विटी, गोल्ड, बांड या ऐसे दूसरे एसेट एसेट क्लास में होना चाहिए, इसका अपना खास महत्व है। एक ब्रोकरेज हाउस ने मल्टी एसेट अलोकेशन को लेकर अपनी एक रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट में उसने कई अहम बिंदुओं को उठाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि आप किस तरह से अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई कर खुद को अमीर बना सकते हैं और कैसे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

## अभी किस एसेट पर क्या है व्यू

### इक्विटी-'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ'

रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर 2023 की बात करें तो यह इक्विटी मार्केट के लिए एक अस्थिर महीना साबित हुआ, क्योंकि इस दौरान निफ्टी 50 टॉप लेवल से 6 फीसदी तक करेक्ट हुआ है। इस गिरावट का कारण बनने वाले कुछ महत्वपूर्ण फैक्टर थे। पहला: यूएस 10-ईयर बांड यील्ड में ग्रोथ। दूसरा: मिड ईस्ट में चल रहे जियो-पॉलिटिकल टेंशन। तीसरा: बढ़ती और अस्थिर कच्चे तेल की कीमतें। चौथा: कंजम्पशन ग्रोथ में नरमी।

### ये रहे विनर

हालांकि, स्मॉल और मिडकैप पिछले एक साल में 29% और 25% की ग्रोथ के साथ विनर रहे हैं। यहां से आगे, बाजार में एक स्टाइल और सेक्टर रोटेशन देखने की संभावना है, पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया। इसे ध्यान में रखते हुए, ब्रॉडर मार्केट में निकट अवधि में कुछ समय के लिए करेक्शन देखा जा सकता है और फ्लो लार्जकैप की ओर ट्रांसफर होने की संभावना है।

### ये सेफ्टी मार्जिन दे रहे

मौजूदा वैल्युएशन पर, हाई बांड यील्ड, बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और मजबूत डॉलर सूचकांक के मौजूदा सीनेरियो के बीच लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन प्रदान करते हैं। बहरहाल, ब्रॉडर मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में, 'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ' थीम वर्तमान समय में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2023 के लिए निफ्टी का टारगेट 20,200 पर बनाए रखा है।

### बॉन्ड मार्केट

कुछ ब्रोकरेज हाउस जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नॉन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

### गोल्ड

गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है।

### करंसी मार्केट को ये देते हैं दिशा

1. एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3. तेल की कीमतें
4. कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5. महंगाई और विकास की गतिशीलता
6. विदेशी प्रवाह की दिशा

# क्रेडिट कार्ड ईएमआई में क्यों करना पड़ता है 18% ज्यादा भुगतान

- क्रेडिट कार्ड के खर्च को ईएमआई में तब्दील करना चाहते हैं, तो जान लें जरूरी बातें
- ईएमआई में आम तौर पर बताए गए ब्याज से ज्यादा भुगतान करना होगा
- यहां तक कि नो कॉस्ट ईएमआई भी बिना लागत नहीं होती

बिजनेस डेस्क

यह बात तो आम तौर पर सभी लोग जानते हैं कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम को ड्यू डेट यानी देय तारीख तक पूरी तरह नहीं चुकाने पर काफी भारी-भरकम ब्याज देना पड़ सकता है। यह ब्याज कई बार सालाना 42 फीसदी तक भी हो सकता है। इसके अलावा कई बार लेट पेमेंट पेनाल्टी के तौर पर भी मोटी रकम देनी पड़ सकती है, लेकिन अगर आपने क्रेडिट कार्ड से कोई बड़ी खरीदारी की है और ड्यू डेट तक पूरी रकम चुकाना मुश्किल हो रहा है, तो एक उपाय पूरे पेमेंट को ईएमआई में तब्दील करने का होता है। ऐसी ईएमआई पर लगने वाला इंटरेस्ट उस ब्याज के मुकाबले कम होता है, जो पूरी रकम का भुगतान नहीं करने पर देना पड़ता है, लेकिन क्या आपको पता है कि क्रेडिट कार्ड की ईएमआई में बताए गए ब्याज के अलावा 18% एक्स्ट्रा कॉस्ट यानी अतिरिक्त लागत भी जुड़ी होती है।

## 'नो कॉस्ट ईएमआई' भी बिना लागत नहीं

कई बार आपको क्रेडिट कार्ड कंपनी/रिटेलर की तरफ से पूरी रकम को 'नो कॉस्ट ईएमआई' में तब्दील करने का ऑफर भी मिलता है। आम तौर पर लोग इससे काफी आकर्षित हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि 'नो कॉस्ट ईएमआई' का मतलब यह है कि आपको सिर्फ उतने ही पैसे देने हैं, जितने की आपने खरीदारी की है। इसके अलावा कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा, लेकिन आम तौर पर ऐसा होता नहीं है। अक्सर 'नो कॉस्ट ईएमआई' की भी लागत होती है। अगर आपको इस सुविधा का लाभ उठाने का फैसला करते समय इस बारे में जानकारी नहीं होगी, तो क्रेडिट कार्ड की ईएमआई का पेमेंट करते समय आपको झटका लग सकता है।

## ऐसा क्यों होता है


आपको पता होना चाहिए कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम पर लगने वाले ब्याज पर आपको गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) भी देना पड़ सकता है। दरअसल, वित्तीय संस्थानों की बहुत सारी सर्विसेज और चार्जेज जीएसटी के दायरे में शामिल हैं, जिनका बोझ आखिरकार ग्राहकों पर ही पड़ता है। क्रेडिट कार्ड पर लगने वाला इंटरेस्ट भी इसी कैटेगरी में शामिल है, जिस पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी देना होता है। यह जीएसटी क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन के इंटरेस्ट पर लगता है। जाहिर है कि अगर आपने क्रेडिट कार्ड से किए खर्च को ईएमआई में तब्दील किया तो बिल आने पर इंटरेस्ट के ऊपर 18 फीसदी जीएसटी भी जुड़ा हुआ मिलेगा। मिसाल के तौर पर अगर आप ईएमआई के लिए 20 फीसदी ब्याज दे रहे हैं, तो उस पर 18 फीसदी जीएसटी जोड़ने के बाद ब्याज की पूरी लागत 23.6 फीसदी हो जाएगी।

## क्रेडिट कार्ड इंटरेस्ट पर जीएसटी

हमने क्रेडिट कार्ड के सामान्य ईएमआई पर लगने वाले जीएसटी की बात की, लेकिन आपके मन में ये सवाल उठ रहा होगा कि अगर हमारी ईएमआई 'नो कॉस्ट' है, तो भला उस पर जीएसटी क्यों लगेगा? दरअसल, नो-कॉस्ट ईएमआई के मामले में भी आमतौर पर ऐसा नहीं होता कि क्रेडिट कार्ड कंपनी ब्याज न ले। असल में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला बैंक तो ब्याज लेता है, लेकिन सामान बेचने वाला रिटेलर ईएमआई के पूरे टेन्योर के दौरान वसूले जाने वाले ब्याज के बराबर रकम आपको इंस्टैंट डिस्काउंट के रूप में ऑफर कर देता है। इसलिए वो दावा करता है कि आपके लिए इस ईएमआई की कोई लागत नहीं है, लेकिन ऑफर किए जा रहे डिस्काउंट में आमतौर पर सिर्फ ईएमआई का ब्याज शामिल होता है, उस ब्याज पर सरकार की तरफ से वसूला जाने वाला जीएसटी नहीं। मिसाल के तौर पर अगर क्रेडिट कार्ड ईएमआई का ब्याज सालाना 20 फीसदी है, तो आपको उस पर 18 फीसदी जीएसटी देना होगा, जो ईएमआई की कुल रकम के 3.6 फीसदी के बराबर होगा।

**यह भी संभव :** हो सकता है आपको प्रोसेसिंग फीस या किसी और चार्ज के रूप में कुछ और पैसे भी देने पड़ें। इसलिए अगर आप क्रेडिट कार्ड की खरीदारी को ईएमआई या नो कॉस्ट ईएमआई में तब्दील कराने की सोच रहे हैं, तो पहले इन सभी अतिरिक्त लागतों को जोड़कर उसकी लागत निकालें और तभी कोई फैसला करें।

# बल्क/ब्लॉक/इनसाइडर डील क्या है?



दीपशा तनेजा
फाइनेंसियल एडवाइजर

स्टॉक में निवेश करने वाले जरूर जान लें इन टर्म के बारे में, थोक डील एक ऐसा व्यापार, जहां एक एकल निवेशक लेनदेन के माध्यम से इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है



याद रखें कि थोक सौदे आपके समग्र विश्लेषण में केवल एक कारक हैं, और इस जानकारी को एक व्यापक ट्रेडिंग रणनीति के साथ एकीकृत करना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, हमेशा जानकारी को सत्यापित करें, बाज़ार नियमों के बारे में सूचित रहें और व्यापारिक निर्णय लेने से पहले वित्तीय पेशेवरों से परामर्श करने पर विचार करें।

शेयर बाजार में बल्क यानी थोक सौदे, व ब्लॉक डील बहुत महत्वपूर्ण है। स्टॉक में निवेश करने वालों को इन टर्म के बारे में पता होना चाहिए। शेयर बाजार में इन दो लोकप्रिय प्रकार के सौदों के अलावा, एक और प्रकार का सौदा होता है जो ऐसे व्यक्तियों द्वारा होता है जो कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच रखने वाले प्रमोटर या निवेशक समूह होते हैं। इस प्रकार के सौदों को अंदरूनी सौदे यानी इनसाइडर डील के रूप में जाना जाता है। अब इन्हें और विस्तार से समझते हैं। थोक डील क्या है? बल्क यानी थोक डील एक ऐसा व्यापार है जहां एक एकल निवेशक एक लेनदेन के माध्यम से किसी कंपनी के 0.5% से अधिक इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है। इसलिए, उदाहरण के लिए, यदि कंपनी ए के पास कुल बकाया शेयरों की संख्या 1 करोड़ है, तो एक थोक सौदे में एक ही लेनदेन में कम से कम 50,000 शेयर (1 करोड़ का 0.5%) खरीदना या बेचना शामिल होगा। सभी एनएसई थोक सौदे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं, और सभी बीएसई थोक सौदे वास्तविक समय में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं और दिन के अंत में जनता के लिए उपलब्ध होते हैं। तो, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर किए गए कोई भी थोक सौदे एनएसई थोक सौदे हैं, जबकि यदि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर थोक सौदे किए जाते हैं, तो वे बीएसई थोक सौदे हैं। ये सौदे संस्थागत निवेशकों, म्यूचुअल फंड और अन्य बड़े बाजार सहभागियों की व्यापारिक गतिविधि में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं, जो स्टॉक की कीमत और समग्र बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

## ब्लॉक डील क्या है?

एनएसई ब्लॉक डील या बीएसई ब्लॉक डील थोक डील से काफी अलग हैं; ब्लॉक डील के मामले में, दो ज्ञात पक्षों के बीच एक सहमत मूल्य पर न्यूनतम 10 करोड़ रुपये मूल्य के बड़ी संख्या में शेयरों की खरीद या बिक्री होनी चाहिए। हाँ! एक ब्लॉक डील में, खरीदार और विक्रेता दोनों पहले से ही एक-दूसरे को जानते हैं, और सौदे पर ऑफ-मार्केट बातचीत की जाती है, जिसका अर्थ है कि इसे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से निष्पादित नहीं किया जाता है जहां अधिकांश खुदरा निवेशक शेयर खरीदते और बेचते हैं। ब्लॉक डील को विशेष ₹ब्लॉक डील विंडो₹ पर एकल लेनदेन के माध्यम से अलग से निष्पादित किया जाता है, जो आम तौर पर सुबह के सत्र में केवल 35 मिनट के लिए खुला होता है।

## बल्क सौदे बनाम ब्लॉक सौदे डील का आकार

### ब्लॉक डील

इसमें बड़ी मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, जो आमतौर पर स्टॉक एक्सचेंज द्वारा निर्धारित पूर्वनिर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक होते हैं (उदाहरण के लिए, 5,00,000 शेयर या भारत में न्यूनतम मूल्य 5 करोड़ रुपये)। ब्लॉक डील का आकार पर्याप्त होता है, और लेनदेन मूल्य महत्वपूर्ण हो सकता है।

### बल्क डील

इसमें पर्याप्त मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, लेकिन स्टॉक एक्सचेंज द्वारा परिभाषित कोई विशिष्ट न्यूनतम मात्रा नहीं होती है। किसी कंपनी के इक्विटी शेयरों के न्यूनतम 0.5% वाले लेनदेन को अक्सर थोक सौदे माना जाता है। थोक सौदे का आकार महत्वपूर्ण है लेकिन ब्लॉक सौदे जितना बड़ा नहीं हो सकता है।

### निष्पादन

#### ब्लॉक डील

एक विशेष व्यापार के माध्यम से निष्पादित। स्टॉक की कीमत पर प्रभाव को कम करने के लिए नियमित बाजार घंटों से अलग विंडो या तंत्र। ब्लॉक डील के लिए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को बड़े लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए डिजाइन किया गया है।

#### थोक सौदा

सामान्य बाजार घंटों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज के नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित। लेन-देन नियमित बाजार गतिविधि के साथ एकीकृत होते हैं और स्टॉक की कीमत पर तुलनात्मक रूप से कम प्रभाव पड़ सकता है।

### प्रकटीकरण

#### ब्लॉक डील

मात्रा, कीमत और प्रतिभागियों सहित ब्लॉक डील विवरण का तत्काल और अनिवार्य खुलासा आवश्यक है। यह बाजार में पारदर्शिता और सूचना का समय पर प्रसार सुनिश्चित करता है।

#### थोक सौदा

ब्लॉक सौदों की तुलना में थोक सौदों के लिए प्रकटीकरण आवश्यकताएँ कम कठोर हैं। हालाँकि एक्सचेंजों को प्रकटीकरण की आवश्यकता होती है, यह प्रक्रिया तत्काल या विस्तृत नहीं हो सकती है।

### प्रतिभागी

#### ब्लॉक डील

इसमें आमतौर पर संस्थागत निवेशक, म्यूचुअल फंड या बड़े वित्तीय संस्थान शामिल होते हैं। संस्थागत प्रतिभागी अक्सर बाजार पर अत्यधिक प्रभाव डाले बिना महत्वपूर्ण लेनदेन निष्पादित करने के लिए ब्लॉक डील में संलग्न होते हैं।

#### थोक सौदा

इसमें खुदरा निवेशकों, उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों और छोटे संस्थागत खिलाड़ियों सहित प्रतिभागियों का एक विविध समूह शामिल हो सकता है। कठोर न्यूनतम मात्रा सीमा के अभाव के कारण थोक सौदे प्रतिभागियों की एक विस्तृत श्रृंखला को आकर्षित कर सकते हैं।

### ध्यान रखें

हालांकि, व्यापक दृष्टिकोण से, थोक सौदे और ब्लॉक सौदे दोनों समान लगते हैं, क्योंकि इसमें महत्वपूर्ण मात्रा में शेयरों की खरीद या बिक्री शामिल होती है। हालाँकि, उनमें से प्रत्येक की विशिष्ट विशेषताएं हैं, जिन्हें चार मापदंडों के आधार पर समझाया गया है। संक्षेप में, थोक और ब्लॉक सौदों के बीच मुख्य अंतर उनके आकार मानदंड, निष्पादन के तरीके और बाजार दृश्यता पर प्रभाव हैं। दोनों सौदों में महत्वपूर्ण संख्या में शेयर शामिल हैं, लेकिन ब्लॉक सौदे पूर्ण मात्रा/मूल्य पर अधिक केंद्रित होते हैं और बाजार के प्रभाव को कम करने के लिए ऑफ-मार्केट निष्पादित किए जाते हैं। दूसरी ओर, थोक सौदे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित किए जाते हैं, जो बाजार की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

## इनसाइडर डील क्या है?

जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, ये सौदे प्रमोटर समूहों या निवेशक समूहों के व्यक्तियों द्वारा किए जाते हैं। लेकिन चूंकि ऐसे व्यक्तियों के पास कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच होती है, इसलिए अनुचित लाभ या स्टॉक में हेरफेर को रोकने के लिए, बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा ऐसे सौदों की बारीकी से निगरानी की जाती है। अंदरूनी व्यापार को आम तौर पर तब अवैध माना जाता है जब इसमें कंपनी के व्यक्तियों द्वारा गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर शेयरों का व्यापार शामिल होता है। हालाँकि, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि हालाँकि अंदरूनी सौदे एक चिंता का विषय हैं, लेकिन अंदरूनी सूत्रों द्वारा किए गए सभी लेनदेन अवैध नहीं हैं। अंदरूनी सूत्रों को कुछ शर्तों के तहत अपनी कंपनी की प्रतिभूतियों का व्यापार करने की अनुमति है, जैसे विशिष्ट रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का पालन करना और महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर व्यापार करने से बचना।

## ट्रेडिंग अवसरों की पहचान कैसे करें?

### थोक डील डेटा तक पहुंचें

एनएसई अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर थोक सौदों की जानकारी प्रदान करता है। आप दैनिक थोक डील डेटा पा सकते हैं जिसमें स्टॉक का नाम, कारोबार की मात्रा, कारोबार की कीमत और खरीदारों और विक्रेताओं के नाम जैसे विवरण शामिल हैं।

### थोक सौदों के महत्व को समझें

पहचानें कि थोक सौदों में बड़े लेनदेन शामिल होते हैं, और संस्थागत निवेशक या उच्च-निवल मूल्य वाले व्यक्ति अक्सर इन सौदों में भाग लेते हैं। थोक सौदों के माध्यम से स्वामित्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव बाजार की धारणा में बदलाव का संकेत दे सकता है।

### रुझान और पैटर्न देखें

रुझानों और पैटर्न की पहचान करने के लिए विशिष्ट शेयरों के ऐतिहासिक थोक सौदे डेटा विश्लेषण करें। आवर्ती खरीदारों या विक्रेताओं, व्यापारिक गतिविधि में वृद्धि, या समय के साथ थोक सौदों की एक श्रृंखला की तलाश करें।

### कारोबार की मात्रा पर विचार करें

थोक सौदे में कारोबार किए गए शेयरों की मात्रा पर ध्यान दें। स्टॉक के औसत ट्रेडिंग वॉल्यूम के सापेक्ष बड़ी मात्रा निवेशकों की बढ़ी हुई रुचि या संभावित संस्थागत गतिविधि का संकेत दे सकती है। थोक सौदों से जुड़े मूल्य उतार-चढ़ाव का मूल्यांकन करें। एक थोक सौदे के बाद एक महत्वपूर्ण मूल्य परिवर्तन यह संकेत दे सकता है कि सौदे ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, और आगे की कीमत में उतार-चढ़ाव की उम्मीद की जा सकती है।

### अंदरूनी व्यापार की जांच करें

जबकि थोक सौदे स्वयं अंदरूनी व्यापार का संकेत नहीं दे सकते हैं, असामान्य या अप्रत्याशित व्यापारिक गतिविधि की जांच की जानी चाहिए। किसी भी बाद की घोषणा या समाचार पर नज़र रखें जो थोक सौदे की गतिविधि को समझा सके।

### तकनीकी विश्लेषण का प्रयोग करें

संभावित प्रवेश या निकास बिंदुओं की पहचान करने के लिए तकनीकी विश्लेषण उपकरणों और संकेतकों के साथ थोक सौदे की जानकारी को संयोजित करें। चार्ट पैटर्न, समर्थन और प्रतिरोध स्तर और अन्य तकनीकी संकेतों को देखें जो थोक डील डेटा के साथ संरेखित होते हैं।

### सेक्टर रुझानों की निगरानी करें

व्यापक बाज़ार संदर्भ और सेक्टर रुझानों पर विचार करें। संभावित व्यापारिक अवसरों का विश्लेषण करते समय विशिष्ट क्षेत्रों या उद्योगों में थोक सौदे अधिक प्रासंगिक हो सकते हैं। बाज़ार समाचार, कंपनी घोषणाओं और व्यापक आर्थिक कारकों पर अपडेट रहें। बाहरी घटनाएं स्टॉक की कीमतों को प्रभावित कर सकती हैं और थोक सौदा गतिविधि को संदर्भ प्रदान कर सकती हैं।

### जोखिम प्रबंधन

अपनी पूंजी की सुरक्षा के लिए जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करें। जबकि थोक सौदे बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं, किसी भी व्यापारिक अवसर के समग्र जोखिम और इनाम पर विचार करना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### खेड़ी विद्यालय में कलस्टर स्तरीय प्रतियोगिता

**कनीना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना स्थित शिक्षा विभाग के संकुल संसाधन केंद्र में शनिवार को कलस्टर स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता दो वगार्ें में करवाई गई, जिसमें कक्षा 4-5 तथा 6-8 शामिल रही। विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी, कविता, श[illegible]ारण में अपनी प्रतिभा दिखाई।



### पूर्व सैनिकों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ के मार्गदर्शक कर्नल एलएस पूनिया की अध्यक्षता में विजय दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। संघ के उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि सभा के अध्यक्ष कर्नल एलएस पूनिया व भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की कार्यकारिणी एवं यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभय रामयादव ने दीप प्रज्जवलित कर दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



### नि:शुल्क पाठशाला में सर्दियों के कपड़े बांटे

**सतनाली मंडी।** खंड के गांव श्यामपुरा वासी अजय मोनू शेखावत ने अपने जन्मदिवस पर एक छोटी सी पहल ग्रामीण सेवा ट्रस्ट सतनाली द्वारा संचालित अंजली नि:शुल्क झुग्गी पाठशाला के बच्चों को पाठ्य सामग्री, सर्दी के टोपे, खाद्य सामग्री व नकदी भेंट की। नीरज सतनाली ने बताया कि अजय मोनू श्यामपुरा ने नि:शुल्क झुग्गी पाठशाला के बच्चों के साथ शनिवार को जन्मदिन मनाया।



### विद्यार्थियों को परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के निर्देश

**मंडी अटेली।** रावमावि बिहाली में शनिवार को बच्चों को संबोधित करते हुए पूर्व डीईओ धर्मवीर बल्डोदिया ने जीवन में नैतिक मूल्य के महत्व पर प्रकाश डाला। जीवन में नैतिक मूल्यों का समावेश समाज को विकसित करता है। डीपीसी संतोष कुमार चौहान ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं मैं अच्छे अंक लाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## गांव सुरजनवास व खेड़ा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# शहीदों के परिजनों का सम्मान विकसित भारत की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को खंड के गांव सुरजनवास व खेड़ा पहुंची। इस यात्रा में मुख्यातिथि के तौर पर प्रदेश कार्यकरणी समिति सदस्य नवीन शर्मा मौजूद थे। इस यात्रा में गांव सुरजनवास में नायब तहसीलदार दयाचंद व गांव खेड़ा में नवीन शर्मा ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव सुरजनवास पंचायत समिति चेयरमैन विजय लक्ष्मी ने एसईसीपो अशोक कुमार की अध्यक्षता में गांव के शहीद कमल सिंह, उमराव सिंह, मुख्तायर सिंह के परिजनों को सम्मनित किया व गांव के सबसे बुजुर्ग पुरुष हरलाल व सबसे बुजुर्ग महिला कमला शर्मा को भी सम्मानित किया। इसी तरह गांव खेड़ा में गांव के शहीद रामपत के परिजन को सम्मानित किया व गांव के सबसे बुजुर्ग पुरुष बनवारीलाल व बुजुर्ग महिला चलती देवी को स्याल पहना कर सम्मानित किया।

गांव सुरजनवास व खेड़ा में कृषि विभाग से एसडीओ डॉ. अजय ने किसानों को कृषि से संबंधित सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाए जैसे किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा आदि के बारे में जानकारी दी। आयुष विभाग ने गांव सुरजनवास में 85 नागरिकों को ओपीडी, 62 को योग व खेड़ा में 85 नागरिकों को ओपीडी, 68 नागरिकों को योग कराकर अपनी सेवा दी। इस मौके पर पंचायत समिति चेयरमैन विजय लक्ष्मी, नायब तहसीलदार दयाचंद, बीडीपीओ अनील कुमार, एसईसीपो अशोक कुमार, बिजली विभाग से एसडीओ अरुण कुमार, बीडीपीओ कार्यालय से सहायक धर्मपाल, नागरिक संसाधन सूचना विभाग से सुनीता, पंचायत विभाग से डीईओ नितिन कुमार, ग्राम सचिव ओमप्रकाश, ग्राम सचिव प्रदीप के अलावा अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। गांव की बच्ची को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि



नारनौल। प्रदर्शनी का अवलोकन करते सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो: हरिभूमि

### घर बैठे मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ

**नारनौल।** विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा शनिवार को नारनौल खंड के गांव चिंडालिया व मोहनपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव कमानियां व छापड़ा बीबीपुर, कनीना खंड के गांव कोटिया व करीरा तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव सुरजनवास व खेड़ा गांव में पहुंची। यात्रा के दौरान नागरिकों ने वर्चुअल माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। गांव चिंडालिया व मोहनपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं कमानियां व छापड़ा बीबीपुर में पंचायत समिति चेयरमैन धौली कर्मपाल, सुरजनवास व खेड़ा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवीन शर्मा तथा गांव कोटिया व करीरा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजीत कलवाड़ी मुख्यअतिथि के तौर पर मौजूद रहे। ओमप्रकाश यादव ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से घर बैठे ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है।

# राव नेताराम स्कूल के विद्यार्थी छाए

- जिला स्तरीय गीता महोत्सव में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय कन्या विद्यालय में करवाया गया। जिससे राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के प्रतिभागियों ने अपना उत्कर्ष प्रदर्शन किया। स्कूल पहुंचने पर विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्राचार्या अनिता देवी ने बताया कि गीता महोत्सव में अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं करवाई गई। वरिष्ठ वर्ग में श्लोकोचारण में हिना ने सांत्वना, प्रश्नोतरी में खुशी, सायना व सुमन द्वितीय, संवाद में नैना व हर्षिता द्वितीय, कनिष्ठ दोनो वर्ग में भाषण में भूमिका द्वितीय तथा संवाद मे विरेन व गुजन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। गीता हमारा धार्मिक ग्रथ है जिसे श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को कुरूक्षेत्र की रंगभूमि में गीता का उपदेश दिया गया था। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगें। इस मौके पर विक्रम डीपीई, सतीश, संजीव, श्यामसुन्दर, राजबाला, सुमन शर्मा, ज्योति, अशोका, मीना मौजूद रहे।



नारनौल। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# यूरो स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

- पुलिस अधिकारियों ने साइबर क्राइम से बचने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यूरो स्कूल में शनिवार को साईबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल चेयरमैन सतवीर यादव ने बताया कि स्कूल में एक बेहतर शिक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रेरित किया जाता है। आज के आधुनिक समय में सभी सोशल मीड़िया के संपर्क में है। आज समाज में सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को मानसिक व आर्थिक रूप से लोगों को हानि पहुंचा रहे हैं। बच्चों को जागरूक करने के लिए स्कूल प्रांगण में साईबर सैल से आए रिसोर्सपर्सन इंद्रजीत सिहं व प्रदीप ने आजकल हो रहे साईबर फ्रॉड के बारे में अवगत कराया। उन्होने बताया कि आज समाज में साईबर के माध्यम से अत्याधिक अपराध व धोखाधड़ी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। आजकल शातिर अपराधिक प्रवृति वाले लोग फेसबुक, वाट्सअप, टवीट्र व इंस्टाग्राम के माध्यम से भोले भाले लोगों को अपना शिकार बनाते है। हमें इनके प्रति अत्यधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। हमें किसी भी अपरिचित को अपनी व्यक्तिगत जानकारियाँ सांझा नही करनी चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य सुनील यादव एवं उपप्राचार्य मंजू यादव ने साईबर सैल से आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए समाज में पनप रहे साईबर क्राईम के प्रति जागरूक करने पर धन्यवाद किया।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



### ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में किया पौधरोपण

**महेंद्रगढ़।** गांव खरकड़ा स्थित ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में पांचवी कक्षा की छात्रा इशिका, कक्षा दूसरी के छात्र हर्ष व यूकेजी की छात्रा आयुषी व नव्या के जन्मदिवस पर पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सीईओ राकेश कुमार ने बच्चों के साथ पौधरोपण करके सभी बच्चों को अपने-अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाकर वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। पर्यावरण को साफ सुथरा रखने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी हैं। पौधारोपण से नए केवल वातावरण शुद्ध होता है बल्कि जानवरों व पक्षियों के लिए आश्रय स्थल भी मिलता है। राकेश यादव ने बताया कि आज के युग में लोग ज्यादा से ज्यादा पेड़ काट रहे हैं, लेकिन नए पेड़ बहुत कम लगाए जा रहे हैं। हमें अपने घर व आसपास ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर अपने चारों और के वातावरण को हरा-भरा बनने पर जोर देना चाहिए।

# हैप्पी स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता

- प्रतियोगिता में स्कूल के 70 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि संस्था प्रबंधक निर्देशक मनीष अग्रवाल ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने की। विंग कॉडिनेटर हुकुमचंद गर्ग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंच संचालन सूर्यदेव, रिया, प्रतिज्ञा, महिमा, रिया, पर्व, नैन्सी व आदित्या ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका संगीत अध्यापक सतीश गोस्वामी व अध्यापिका मोनिका भारद्वाज ने किया। कक्षा छठी से प्रथम स्थान पर सौम्या, दूसरे स्थान पर तमन्ना व तीसरे स्थान पर सृष्टि व सांत्वना पुरस्कार वंशिका कक्षा सातवीं से प्रथम स्थान पर क्षमा, दूसरे स्थान पर आंचल व तीसरे स्थान पर रक्षिता, सांत्वना पुरस्कार खुशी व प्रेरणा ने कक्षा आठवीं से प्रथम स्थान पर प्रियांशी दूसरे स्थान पर समीक्षा व तीसरे स्थान पर वंशिका तथा सांत्वना पुरस्कार वर्तिका और शानवीं रहे।




महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी स्कूल स्टाफ के साथ।



# सीएल स्कूल के छात्रों ने ओलंपियाड में मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईएसीआई) द्वारा आयोजित ओलंपियाड-2023 परीक्षा परिणाम में एकबार फिर से सीएल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बाजी मारी है। इन छात्रों में हेमंत पुत्र अमित कुमार, देव बंसल पुत्र राजेश बंसल, तुषार पुत्र जितेद्र कुमार, मयूर पुत्र विकास गर्ग और मानसी पुत्री प्रदीप कुमार ने परीक्षा क्वालीफाई कर संस्था एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के प्रबंधन निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने भी उनकी इस उपलब्धि पर उनको एवं उनके परिवार को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

# अरावली स्कूल स्टेट स्पर्धा में प्रथम

- बालभवन में आयोजित की गई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सेहलंग रोड स्थित अरावली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। अरावली स्कूल की टीम ने नारनौल बालभवन में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता बनी थी। जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में गुरुग्राम, रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिले के स्कूलों की टीम को हराकर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई थी। शुक्रवार को रेवाड़ी में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 24 बच्चों की 12 टीमों ने भाग लिया, जिसमें दो टीमें पहले स्थान पर रही। दोबारा से आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अरावली स्कूल की टीम ने तावडू की टीम को हराकर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बनी। प्रतियोगिता की विजेता खिलाड़ी कशिश व सिमरन का स्वागत किया। विजेता खिलाड़ियों का बुचावास 152-डी कट से लेकर सिगड़ा, माजरा खुर्द व माजरा चुंगी पर सम्मानित किया गया। स्कूल संस्थापक अशोक कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।



महेंद्रगढ़। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों का स्वागत करते विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

### नांगल दर्गू स्कूल में पुलिस पाठशाला

**नारनौल।** हरियाणा उदय मुहिम के तहत थाना निजामपुर की पुलिस टीम द्वारा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल दर्गू में पुलिस पाठशाला का आयोजन किया गया। पुलिस पाठशाला में थाना निजामपुर प्रबंधक एसआई धर्मबीर ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे बुरी संगत के कारण नशे के जाल फंस जाते हैं। छोटी सी उम्र में नशे की लत युवाओं का भविष्य बर्बाद कर देती है। कहा कि नशा करने वाला खुद ही नहीं, बल्कि इससे उसका परिवार भी बर्बाद हो जाता है। नशा मनुष्य के आत्मविश्वास को समाप्त कर देता है। इस दौरान छात्रों के साथ थाना प्रभारी का मोबाइल नंबर भी सांझा किया।

# इंडस वैली स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

- पांचवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी की प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि के तौर पर कनीना एसडीएम सुरेन्द्रसिंह मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि कनीना बीईओ विश्वेश्वर शर्मा थे। अध्यक्षता संस्था के निदेशक केसी यादव व प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने की।

इस विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा पांचवीं से कक्षा बारहवीं तक के करीब 75 प्रयोगों को विभिन्न रूपों में बच्चों ने दर्शाया। विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावक व अन्य परिवार के छोटे-बड़े बच्चों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। इस प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। भाग लेने वाले छात्रों ने दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर बड़े सहजता व स्टीक ढंग से दिया। बच्चों ने बड़े सुंदर तरीके से प्रयोग बनाए जो बड़े आधुनिक थे जिनका चलन ग्रामीण समाज अथवा अंचल में भी नहीं है। जैसे स्मार्ट सिटी, सिक्योरिटी सिस्टम जो लेजर एवं सेंसर से युक्त था। जल संसाधन पर अनेक मॉडल थे, पर्यावरण को शुद्ध रखने व प्रकृति का संतुलन बनाए रखने पर अनेक सुंदर मॉडल दर्शाए गए। मुख्यअतिथि ने बच्चों व उनको तैयार करवाने में भागीदार लोगों की प्रशंसा की और सभी बच्चों को पारितोषिक देकर उज्वल भविष्य की कामना की। संस्था प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने बताया कि संस्था के बच्चे हर क्षेत्र में आगे रहते हैं चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे खेल का या अन्य प्रतियोगिता।




नारनौल। प्रतियोगिता में हिस्सा लेती प्रतिभागी टीम। फोटो: हरिभूमि

# यदुवंशी के छात्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- 22 विद्यार्थी कॉमर्स ओलंपियाड़ में रहे सफल, मैनेजमेंट ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 22 विद्यार्थियों ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित कॉमर्स ओलंपियाड परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कॉमर्स ओलंपियाड का उद्देश्य छात्रों के कौशल, क्षमताओं और ज्ञान को मापना, उनकी प्रतिभा को पहचानना तथा उन्हें प्रोत्साहित करना है। विद्यालय के विद्यार्थी आदित्य ने पूरे भारत में दूसरा रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आदित्य को कॉमर्स विजार्ड द्वारा दस हजार रुपये से सम्मानित किया जाएगा। गौतम, हिमांशु, ईशांत, मयंक, पीयूष, प्रिंस को दो-दो हजार, तनीष, आयसी, अंशु, हर्ष, ज्योति प्रकाश, विशेष, पलक, रोहित एवं तनु को पंद्रह सौ, सूर्य वर्मा, जतिन, कृति, सौरव, विशाल एवं यविष्ट को एक-एक हजार रूपए प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। निदेशक विजय सिंह यादव ने आदित्य को बधाई दी। स्कूल के विद्यार्थी नीट, आईआईटी, वीवीएम, केवीपीवाई, क्लैट के साथ-साथ कॉमर्स में भी अपनी कुशलता का परिचय दे रहे हैं। इससे पहले भी अखिल व सौरभ कॉमर्स विजार्ड में प्रथम रहे।




महेंद्रगढ़। ओलंपियाड के लिए चयनित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## रोटरी क्लब नारनौल व रोटरी क्लब बेलाज की केयर्स फोर यू

# कॉलेज में छात्राओं को स्वच्छता किट किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रोटरी क्लब नारनौल सिटी एवं रोटरी क्लब बेलाज की ओर से शनिवार को जखराना स्थित राजस्थान पब्लिक स्कूल एवं कॉलेज परिसर में रोटरी केयर्स फोर यू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट इंचार्ज रोटरी क्लब के जोनल चेयरपर्सन एडवोकेट राजकुमार यादव व डॉ ऊषा यादव की अगुवाई में विद्यालय की सभी बालिकाओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रधान नरेश गोगिया व बेलाज की प्रधान सारिका गर्ग ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भूगोल प्रवक्ता वंदना यादव ने कार्यक्रम का सुंदर संचालन करते हुए विद्यार्थियों को रोटरी क्लब और क्लब द्वारा किए जा रहे विभिन्न जनहित कायोंर् की जानकारी दी। असिस्टेंट गवर्नर संजय गर्ग ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ गुरुग्राम कॉस्मोपोलिटन एवं रोटरी क्लब गुरूग्राम के सहयोग से रोटरी क्लब नारनौल व बेलाज द्वारा स्वच्छता जागरूकता किया।



नारनौल। रोटरी केयर्स फोर यू मुहीम के तहत छात्राओं को किट वितरित करते रोटेरियन।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया

बेलाज क्लब से सुचेता गोगिया ने विद्यालय की छात्राओं को जानकारी देते हुए बढती उम्र के साथ अपने स्वास्थ्य एवं साफ सफाई के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहने के लिए जागरूक करते हुए बताया कि सैनेटरी पैड जैसे उत्पादों का प्रयोग करना अपने शरीर व स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। साथ ही सर्दियों की क्रीम, लोशन, बार बार हाथ धोना, प्रतिदिन स्नान करना एवं अपने आसपास सफाई का वातावरण रखना भी जरूरी है, ताकि हम गंदगी से होने वाली बीमारियों से दूर रहें और स्वस्थ शरीर के साथ अपनी पढाई व करियर पर ध्यान केन्द्रित कर सकें। स्कूल डायरेक्टर डॉ सुभाष सिंह एवं प्राचार्य रामचंद्र डागर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रोटरी क्लब एवं सभी सदस्यों का आभार जताया। इस मौके पर विनोद चौधरी, विजय जिंदल, हितेंद्र शर्मा, संजय गर्ग, नवीन गुप्ता, पवन यादव, संदीप शुक्ला, सारिका गर्ग, सुचेता गोगिया, मुकेश कुमारी, डॉ ऊषा मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### ताराचंद लगातार दूसरी बार अवार्ड से सम्मानित

**मंडी अटेली।** ग्राम जैतपुर निवासी एवं श्री श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष प्रधान ताराचंद यादव को भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में शाखा रेवाड़ी द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्य करने मैन ऑफ द ईयर के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। चीफ मैनेजर राजीव ढींगरा, ब्रांच मैनेजर सोमबीर चिल्लर, डीओ नवल सिंह यादव, सहायक प्रबंधक सचिन यादव इत्यादि मौजूद रहे।

### लेक्चरर हिमांशु ने बिना दहेज की शादी

**नारनौल।** गांव नीरपुर निवासी शिक्षक विक्रम सिंह यादव ने अपने लेक्चरर बेटे हिमांशु यादव का दिल्ली निवासी योशिता के साथ बिना दहेज के शादी कर मिसाल कायम की। शादी में शगुन के तौर पर केवल एक रुपया और नारियल लिया है। उनके पिता शिक्षक विक्रम सिंह यादव ने बताया कि दहेज रूपी बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए हम सभी को पहल करनी होगी।

### रात के 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई

**महेंद्रगढ़।** अब ट्रैक्टर पर म्यूजिक सिस्टम लगाकर तेज आवाज में म्यूजिक बजाने तथा रात के 10 बजे के बाद डीजे बजाने वालों की खैर नहीं। एसपी ने रात के 10 बजे के बाद डीजे बजाने और दिन के समय ट्रैक्टरों आदि पर तेज ध्वनि में गाने बजाने वालों पर कार्रवाई होगी। गांवों व शहरी इलाकों में ट्रैक्टर की सीट के पीछे बड़े-बड़े म्यूजिक सिस्टम लगवाकर बहुत तेज आवाज में संगीत बजाते हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्र में वीएचएनडी का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** वार्ड 6 के आंगनबाड़ी केंद्र में वीएचएनडी का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती एवं दूध पिलाने वाली माता को सर्दी के मौसम में नवजात शिशु के देखभाल की जानकारी दी गई। वर्कर पिंकी व आशा वर्कर राजबाला ने बताया कि नवजात शिशु को अच्छे से कपड़े में लपेटकर रखें एवं गीला न रहने दे। शिशु के शरीर पर हल्के हाथ से तेल की मालिश करें।

### निःशुल्क दर्द निवारण चिकित्सा शिविर 18 को

**नारनौल।** नामदेव समाज समिति की ओर से आगामी सोमवार 18 दिसंबर को निशुल्क चिकित्सा शिविर लगेगा। वेदप्रकाश शर्मा अपनी टीम के साथ विभिन्न प्रकार के दर्द के मरीजों की निशुल्क जांच करेंगे तथा उचित परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। सचिव डॉ संजय कुमार वर्मा ने बताया कि चिकित्सा कैंप श्री नामदेव भवन धर्मशाला रविदास मार्ग पुरानी सराय नारनौल में होगा।

### गुवानी गांव में किया कुआं पूजन

**मंडी अटेली।** मेरी लाडो मेरी शान कार्यक्रम के तहत गुवानी में सरपंच रीना यादव की देखरेख में कुआं पूजन किया। सरपंच ने कहा कि हरियाणा सरकार जन्म से लेकर शिक्षा व शादी तक लड़कियों की जिम्मेदारी उठा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के इस संकल्प को साकार करने की जरूरत है।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद् की पहली बैठक का आयोजन, 34 विभागों से 40 विद्यार्थी नामित और चुने गए

### कुलपति के सामने रखी विभिन्न समस्याएं, कई का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्र संघ के चुनाव संपन्न होने के बाद पहली बैठक का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न 34 विभागों से 40 विद्यार्थीयों का चुनाव व नामित किए गए। पहली बैठक में विद्यार्थी परिषद् के सदस्यों का विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों से परिचय करवाया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार ने सभी सदस्यों व छात्र कल्याण प्रकोष्ठ के अधिकारियों को फूल भेंटकर स्वागत किया।

### विश्वविद्यालय की बेहतर छवि का निर्माण करने व देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं विद्यार्थी

#### विवि की प्रगति में छात्रों के सुझाव अहम

उन्होंने कहा कि सभी चुने गए सदस्य सकारात्मक दृष्टि से एक हाथ बनकर काम करेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। हम सबको मिलकर विश्वविद्यालय की प्रगति व कल्याण के लिए मिलकर कार्य करना है। वहीं कुलपति व अधिकारियों के सामने चुने गए सदस्यों ने अपने विभाग की समस्या भी रखी, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए छात्रों के सुझाव आवश्यक है व उनकी उचित मांगों को पूरा करने का भी कार्य किया जाएगा। हर महीने विद्यार्थी परिषद् की बैठक का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थी परिषद् के सदस्य विश्वविद्यालय प्रशासन व छात्रों के मध्य हेतु का कार्य करेंगे। वहीं समकुलपति सुषमा यादव ने कहा कि आप सभी अपने विभाग के विद्यार्थियों के नेतृत्वकर्ता हो और विश्वविद्यालय के छवि निर्माण में भी आपकी अहम भूमिका होती है। देश व विश्वविद्यालय की प्रगति में युवा हम भूमिका अदा करता है। इस मौके पर छात्र कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. आनंद शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. रेनू यादव, सहायक डॉ. नीरज करण सिंह व डॉ. एममारूथी सहित अन्य अधिकारी व छात्र उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। चुनाव संपन्न होने के बाद बैठक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### अधिकारियों के साथ पहली बैठक



हकेंवि में छात्र कल्याण प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 12 दिसंबर को विद्यार्थी परिषद् के चुनावों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के 34 विभागों से 20 विद्यार्थियों का छात्रों के द्वारा चुनाव किया गया। वहीं 20 विद्यार्थियों को विभिन्न विभाग के द्वारा नामित किया गया। आज विद्यार्थी परिषद के सदस्यों व अधिकारियों के साथ पहली बैठक आयोजित की गई है। बैठक का आयोजन हर महीने किया जाएगा, जिसके माध्यम से छात्रों की समस्या अधिकारियों तक पहुंच पाएंगी और समाधान हो पाएगा। विश्वविद्यालय की प्रगति में विद्यार्थी परिषद् अहम भूमिका अदा करता है।
-डॉ. नीरज करण सिंह, सहायक अधिकारी, छात्र कल्याण प्रकोष्ठ।

### मांगों को लेकर नर्सिंग स्टाफ का विरोध

# काले बिल्ले लगा जताया रोष

**मांगें नहीं मानने अगले चरण का आंदोलन करने की दी चेतावनी, आंदोलन को मजबूर किया तो इसके लिए सरकार होगी पूरी तरह से जिम्मेदार**

हरिभूमि न्यूजः नारनौल

अपनी मांगों पूरी नहीं होने के विरोध में लगातार दूसरे दिन भी नागरिक अस्पताल के नर्सिंग स्टॉफ ने अपनी ड्रेस पर काले रिबन लगाऐ तथा रोष जताया। यह रोष प्रदर्शन 15 दिसंबर से शुरू हुआ था और 20 दिसंबर तक चलेगा।

नर्सिंग वैलफेयर एसोसिएशन की जिला प्रधान सुशीला कौशिक ने बताया कि चाहे जान लेवा कोरोना से पीड़ित रोगी हो, चाहे एचआईवी पॉजिटिव रोगी हो, चाहे दुर्घटना का शिकार हो या अन्य किसी दूसरी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो, नर्सें सबका ईलाज करती हैं और उनको समय समय पर दवाई देकर निरोगी बनाने का प्रयास करती रहती हैं।

सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना करते हुए वह अपने जीवन को खतरे में डालकर अपने कर्तव्यों का पालन करती हैं, लेकिन प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत नर्सिंग अमला आज अपनी मांगों को पूरा व समस्याओं का समाधान करवाने के लिए विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हो रहा है।



नारनौल। अपनी ड्रेस पर काले रिबन लगाकर रोष जताते हुए नर्सिंग स्टॉफ।

#### कोरोनाकाल में जान जोखिम में डालकर किया काम

उन्होंने बताया कि कोरोना काल के संकट की घड़ी में अपने खुद के जीवन के साथ-साथ अपने सगे-संबंधियों के जीवन की परवाह किए बिना निर्भिकता से एक साथ दो-दो चुनौतियों (रोगियों का ईलाज करना व खुद को संक्रमण से बचाना) का सामना करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर किया था और तब नर्सों के साहस व हौंसलों की सराहना बार-बार खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी, लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि प्रदेश की नर्सिंग को केंद्र सरकार के समान 7200 रुपये नर्सिंग भत्ता अब तक राज्य सरकार नहीं दे रही। इसकी बार-बार सरकार से मांग भी की गई और गत दिनों रोहतक में प्रदेश स्तरीय मीटिंग में भी यह मुद्दा उठाया गया, लेकिन राज्य सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी है। नर्सिंग अधिकारी के पद को ग्रुप सी से बढ़ाकर ग्रुप बी में शामिल करके राजपत्रित अधिकारी घोषित करने की भी मांग प्रदेश सरकार से निरंतर की जाती रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जा रही।

#### लंबे समय से समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान

इसके साथ ही नर्सिंग की कुछ स्थानीय समस्याएं भी हैं, जिनके समाधान के लिए पिछले काफी लंबे समय से बार-बार स्थानीय अधिकारियों से लेकर उच्च अधिकारियों तथा स्वास्थ्य मंत्री तक के सम्मुख हाजिर होकर समाधान की गुहार लगाई है, लेकिन अब तक उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं।

#### 11 दिसंबर को आंदोलन का लिया था सामूहिक निर्णय

जिससे आहत होकर प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों के कर्मचारी संगठनों ने गत 11 दिसंबर को एक मंच पर इक्ट्ठा होकर अपनी मांगों को मनवाने के लिए चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। जिला महेंद्रगढ़ के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत नर्सिंग अफसरों ने जिला प्रधान सुशीला कौशिक के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के प्रथम चरण के तहत ब्लैक रिबन लगाकर ड्यूटी कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को अब भी नहीं माना गया तो अगले चरण का विरोध प्रदर्शन करने के लिए उन्हें मजबूर होना पड़ेगा।

# 14 को यदुवंशी का स्थापना दिवस

- भव्य तरीके से मनाया जाएगा ग्रुप का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

14 जनवरी को यदुवंशी ग्रुप के स्थापना दिवस पर होने वाला कार्यक्रम भव्य होगा। कार्यक्रम में महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा के विभिन्न गांवों के लोग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उक्त विचार पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहें। इस कार्यक्रम के लिए राव बहादुर सिंह स्वयं प्रतिदिन गांवों में जाकर लोगों को सम्मानित करते हुए निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने शनिवार को पालड़ी, बालरोड, चांगरोड, बधवाना, जावा, बीजणा, मांई कला, मांई खुर्द, ऊण, नौरंगाबास राजपुतान, नौरंगाबास जाटान, ढाणी तिलोड़ी, बिरदी कलां, बिरदी खुर्द, तिलावा, बरसाना, डूडीवाला नंदकरण, डोहका मौजी, डोह की दीना, रामपुरा, कालूवाला, सारंगपुर, डोहका हरिया, अटेला खुर्द, अटेला नया तथा अटेला कलां गांवों में जाकर विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया।



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व विधायक। फोटो: हरिभूमि

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान होगा। एक नेता का कार्य होता है समाज की भलाई के लिए कार्य करें, जिससे पूरा इलाका खुशहाल बने। शिक्षा मानव के सर्वागीण विकास में सहायक है। शिक्षित लोगों से देश आगे बढ़ता है। तथा सवार्त्तम शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। सभी लोगों ने राव बहादुर सिंह के गांवों में पहुंचने पर उनका स्वागत फूलमालाएं एवं पगड़ी पहनाकर किया।

# वालीबॉल में सिहमा की बेटियां बनी विजेता

**नारनौल।** लॉर्ड कृष्णा स्कूल सिहमा में वॉलीबॉल प्रतियोगता के पहले दिन लड़कियों की वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर लॉर्ड कृष्णा स्कूल सिहमा तथा दूसरे स्थान पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नियामतपुर नांगल चौधरी विजेता रही।

विजेता खिलाड़ियों को संस्था के डायरेक्टर मनीष यादव, बीजेंद्र सिंह डीपी व स्कूल के प्रधानाचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को नगद प्रथम पुरुस्कार 5100 रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 3100 व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नेशनल खिलाड़ी शुभलता, नरेश ढिल्लो डीपीई, मंगेज कोच, राजपाल कोच व सहयोगी विक्रम सिहमा आदि मौजूद रहे। इसी कड़ी में लड़कों की प्रतियोगता 17 दिसंबर रविवार को होगी। यह प्रतियोगिता सिर्फ महेंद्रगढ़ जिले के खिलाड़ियों के लिए है।

इसमें एक गांव से एक टीम ही होगी। प्रतियोगिता के लिए नामांकन लार्ड कृष्णा स्कूल सीहमा में सुबह 9 बजे तक करा सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली टीम को 7100 रुपये व द्वितीय स्थान पर आने वाली टीम को 5100 रुपये संस्था द्वारा पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे।



# सर्व समाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय श्री आदर्श रामलीला में शनिवार को सर्व समाज की ओर से श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धाजलि दी गई। इस दौरान उन्होंने दो मिनट का मौन धारण कर गोगामेड़ी की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान वक्ताओं ने गोगामेड़ी की हत्या के आरोपितों को कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने ने महेंद्रगढ़ विधानसभा से चुनाव लड़ चुके एक प्रत्याशी पर नितिन फौजी को सरंक्षण देने का भी आरोप लगाया है। पूर्व अधिकारी के कार्यकर्ताओं की ओर से उनके गांव के लोगों को फोन करके धमकी भी दी जा रही हैं। जयपुर शहर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के घर में घुसकर निर्मम हत्या कर दी गई थी, एक आरोपी महेंद्रगढ़ के दौंगडा जाट का नितिन फौजी का नाम सामने आ रहा है। आरोपित नितिन फौजी का इससे पहले गांव खुडाना गोलीकांड में नाम शामिल था, लेकिन प्रशासन व राजनीतिक संरक्षण से आज तक खुला घूम रहा है। अगर समय पर कार्रवाई होती तो सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या नहीं होती। इस मौके पाली गांव के सरपंच देशराज सिंह फौजी, विनोद पाली, व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी, राकेश तंवर बसई, खुडाना गांव के सरपंच प्रतिनिधि डॉ. नरेश तंवर, निर्मला तंवर, रामनिवास पाटोदा मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- सोनीपत में शैक्षणिक भ्रमण पर गए हकेंवि के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने याकुल्ट-डेनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सोनीपत का शैक्षणिक भ्रमण किया। सहायक आचार्य डॉ. जितेंद्र सैनी व डॉ. पूजा यादव के मागदर्शन में एमएससी व पीएचडी के कुल 27 विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने सयंत्र का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को विनिर्माण प्रक्रिया के साथ-साथ किण्वन प्रौद्योगिकी और इसके संचालन की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने के लिए विभाग की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को विषय के प्रायोगिक ज्ञानवर्धन में सहायक होते हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण की शुरुआत एक प्रस्तुतिकरण से हुई जिसमें प्रोबायोटिक्स के इतिहास और विकास प्रक्रिया को प्रतिभागियों के साझा किया गया। विद्यार्थियों को लैक्टोबैसिलस केसी स्ट्रेन शिरोटा नाम की लैक्टोबैसिलस प्रजाति से परिचित कराया गया। इसका उपयोग उत्पादन उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इसके पश्चात प्रसंस्करण इकाई में विद्यार्थियों ने कच्चे माल के मिश्रण से लेकर अंतिम पैकिंग तक की निर्माण प्रक्रिया को समझा। विद्यार्थियों ने विभिन्न सूक्ष्म जीव विज्ञानी तरीकों के उपयोग से गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाली गुणवत्ता नियंत्रण इकाई की कार्यप्रणाली की भी समझा। न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप वाली स्वचालित प्रणालियों को देखकर प्रतिभागी विद्यार्थी आश्चर्यचकित रह गए। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह शैक्षणिक भ्रमण की मंजूरी देने के लिए कुलपति का आभार जताया। इससे किण्वन प्रक्रिया को समझने में मदद मिली। साथ ही इस तरह के भ्रमण विद्यार्थियों को सूक्ष्मजीव विज्ञान क्षेत्र में अपने अनुभव मिलेगा।



महेंद्रगढ़। शैक्षणिक भ्रमण करके लौटे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक।



# रामचरितमानस साक्षात भगवान श्रीराम का रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

स्थानीय हुडा सेक्टर एक में स्थित प्लाट नम्बर 166 में महिला मंडल की ओर से आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा में दूसरे दिन शनिवार को वृंदावन धाम से पधारे महाराज जय श्री कृष्ण शास्त्री ने प्रवचन देते हुए कहा कि जो भी जीव इस संसार सागर से पार जाना चाहता हो श्री राम कथा उसके लिए सुदृढ़ नौका के समान हैं। श्री रामचरितमानस को केवल एक साधारण पुस्तक नहीं समझना चाहिए। यह रामचरितमानस साक्षात भगवान श्रीराम का ही स्वरूप है। श्रीराम कथा जीवन को जीना सिखाती है कि हमें किस प्रकार से अपने जीवन को जीना चाहिए। एक पिता का क्या धर्म होता है, एक पुत्र का क्या धर्म होता है, एक भाई का क्या धर्म होता है।

# महंत शक्तिनाथ महाराज कर रही है 108 मटकों की शीत जलधारा

**महेंद्रगढ़।** माता भूरा भवानी मंदिर की महंत शक्तिनाथ महाराज 11 दिसंबर से 31 दिसंबर तक रोजाना सुबह पांच से सात बजे तक 108 मटकों की शीत जलधारा कर रही है। इस दौरान मंदिर में पूजा पाठ, आरती, सत्संग व हवन का आयोजन भी हो रहा है। मुकेश चौहान व बजरंगी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महंत शक्तिनाथ क्षेत्र की खुशहाली और सुखशांति के लिए रोजाना सुबह सवा पांच से सात बजे तक मंदिर परिसर में 108 कोरे मटकों की शीत जलधारा कर रही है। रोजाना 108 कोरे मटकों को भरकर रखती है और सुबह उस ठंडे पानी से महंत शक्तिनाथ महाराज की शीत जल धारा करती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### श्री बांके बिहारी समिति का फ्रांसखाना में जागरण

**नारनौल।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति की ओर से शुक्रवार रात मोहल्ला फ्रांसखाना में श्याम बाबा का जागरण हुआ। इस बार समिति की ओर से एक नई पहल शहर में शुरू की है, जिसके अंतर्गत पूजा की थाली व आरती की थाली में पैसे ना चढ़ाए और भक्तों को फूलों से बाबा की पूजा भी करवाई गई। विजय सैनी की ओर से बाबा का भव्य दरबार रंग बिरंगे फूलों एवं लाइटों से सजाया गया। आचार्य सत्यनारायण शर्मा ने मुख्य यजमान शिव कुमार जैन पार्वती जैन से परिवार सहित मंत्रोचार से बाबा की पवित्र ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई गई। नवल म्यूजिकल ग्रुप के संगीतकार नवल ने गणेश वंदना करते कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद सुमित्रा ने तोड़ गई गढ़ लंका लंका लगाकर बाजी जानकी जय बोलो हनुमान की जय बोलो भजन सुनाया।

### थम नहीं रही खेतों से नोजल चोरी की वारदातों का सिलसिला

# गांव सिसोट से 8 किसानों की 113 नोजल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

ठंड का मौसम शुरू होते ही खेतों से नोजल चोरी करने वाला गिरोह इन दिनों सक्रिय हो गया है। आए दिन चोर गिरोह खेतों से किसानों के नोजल चोरी कर रहे है। शुक्रवार रात्रि को भी चोर गिरोह गांव सिसोठ के आठ किसानों के खेतों से 113 नोजल चोरी हो गए है। इसके अलावा चोर पिछले दस दिनों के दौरान खेतों से 24 किसानों के खेतों से 300 से अधिक नोजल चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। गांव खायरा से छह किसानों के खेतों से 85 नोजल व तीन नोजल की नली, गांव रिवासा में आठ किसानों के करीब 150 नोजल तथा गांव कुराहवटा दो किसानों के खेतों से दो फव्वारा सेट व 31 नोजल चोरी कर ले गए हैं।



महेंद्रगढ़। चोरी की सूचना के बाद गांव सिसोठ में पहुंची पुलिस। फोटो: हरिभूमि

गांव सिसोठ सरपंच विरेंद्र कुमार ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव का मौजूदा सरपंच है। बीती रात्रि को हमारे गांव के खेतों से नोजल चोरी हा गए है। किसान राकेश के 18 नोजल, सुनील के 13, ओमकार के 13, रविन के 13, होशियार सिंह के 18, रणबीर सिंह के 12, सूबेसिंह के 14 व धर्मपाल के 12 नोजल नामपता ना मालुम व्यक्ति चोरी करके ले गए है। सरपंच ने पुलिस से किसानों की नोजन बरामद करने तथा अज्ञात चोर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने केस दर्जकर चोरों की तलाश में लग गई है।

#### पहले भी हो चुकी हैं चोरियां

बुधवार को गांव खायरा के किसानों ने बताया कि 11 व 12 दिसंबर की रात को छह किसानों के खेतों से नोजल की चोरी हो गई है। किसान कृष्ण के 12 नोजल, सुमेर सिंह के 18 नोजल, रणधावा के 10 नोजल, रामकिशन के 22 नोजल, हवासिंह के 10 नोजल, धर्मबीर के 13 नोजल व तीन नलकी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। गांव रिवासा के किसान रतनलाल ने बताया था कि 10 दिसंबर को उनके खेतों से अज्ञात चोरों ने फव्वारा सेट चोरी कर लिया और साथ में किसान अमित, जितेंद्र, दशरथ, होशियार सिंह, लालाराम, ओमबीर, उमेद के खेतों में करीबन 150 नोजल चोरी हो गए है। गांव कुरहावटा में सुरेंद्र यादव के खेत से दो फव्वारा सेट तथा 25 नोजल तथा माइराम के खेत से छह नोजल चोरी कर ले गए